हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज कुनाराम बनाम सरकार धारा 136 प्रकरण सख्या 113/2021	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए
राजस्व विविध प्रार्थना पत्र सख्या 113/2021 कुनाराम बनाम सरकार अन्तर्गत धारा 136 भू.राजस्व अधिनियम रेकर्ड दुरस्ती हेतु प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र पेश किया गया जो दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को नोटिस प्रेषित कर जॉच रिपोर्ट मंगवाई गई। बहस प्रार्थना पत्र पर सुनी गई। प्रार्थी के विद्वान अधिवक्ता अपने प्रार्थना पत्र मे तथ्यो को दोहराया गया। एवं सरहद मौजा ग्राम रोहिचा कला तहसील लुणी के खसरा नम्बर 236/1 ग्राम रोहिचा कला व खसरा नम्बर 290/1 ग्राम सतलाना राजस्व रेकार्ड मे दर्ज अपना नाम पुनाराम के स्थान कुनाराम तथा रामेश्वर के स्थान रमेश किये जाने का निवेदन किया गया । पत्रावली का अवलोकन किया गया । जिसमे तहसीदार लूणी से जबाव/मय रिपोर्ट हेतु तहरीर जारी की गई तहसीलदार लूणी के पत्र कमाक/भू.अ/2022/1844 दिनाक 18.04. 2022 के तहत जॉच रिपोट प्राप्त हुई। जिसमे तहसीलदार द्वारा जमाबन्दी सवत 2072–75 मे प्रार्थी का नाम ग्राम रोहिचा कला खसरा सख्या 236/1 व खसरा सख्या 290/1 ग्राम सतलाना मे सहखातेदारी मे पुनाराम रामेश्वर पि, बुधाराम जाति सुथार सा रोहिचा कला खातेदार दर्ज है सलग्न दस्तावेज मे प्रार्थी का नाम कुनाराम व रमेश दर्ज है प्रार्थी का नाम ग्राम सतलाना के खसरा नम्बर 290/1 मे बुधाराम फौत जरिये नामान्तरकरण सख्या 1382 पुनाराम रमेश मदन प्रेमी गुडडी केला पि, बुधाराम दर्ज हुआ ग्राम रोहिचा कला के खसरा सख्या 236/1 मे बुधाराम फौत होने पर जारिये नामान्तरकरण सख्या 554 पुनाराम रमेश पि, बुधाराम बिदामी पत्नि बुधाराम दर्ज हुआ अत– प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 मे प्रस्तुत शपथ पत्र के आधार पर रामेश्वर के स्थान पर रमेश किया जाना प्रस्तावित है तथा पुनाराम का नाम जरिये विरासत नामान्तरकरण दोनो ग्रामो मे दर्ज होने से पुनाराम के स्थान पर कुनाराम किया जाना उचित प्रतित नही होता है पत्रावली फेसल शुमार होकर दफ्तर दाखिल हो। सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, लूणी	